प्रेस नोट - थाना तिलहर

जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनाँक – 03.07.2026

थाना तिलहर पुलिस, जनपदीय एस0ओ0जी0 व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट सहित 08 अभियोगों में वांछित अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये गये अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना तिलहर के कुशल नेतृत्व में थाना तिलहर पुलिस, जनपदीय एस0ओ0जी0 व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनाँक 02/03.07.2026 की रात्रि को थाना तिलहर पुलिस टीम द्वारा निगोही रोड पर रटा पुल के पास संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चैकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि थाना कटरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 - 177/2026 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम मे वांछित चल रहा अभियुक्त रियाज मोहम्मद उर्फ बाबू पुत्र सरताज मोहम्मद निवासी मो0 आतिशबाजान कस्बा व थाना कटरा जिला शाहजहाँपुर तिलहर से निगोही की ओर जा रहा है जो थाना कटरा का वांछित अभियुक्त है। पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया गया, किन्तु चालक वाहन मोड़कर भागने लगा। कुछ दूरी पर मोटरसाइकिल फिसलने के बाद अभियुक्त जंगल की ओर भागा तथा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसके बाद उसे मौके पर ही समय करीब 22.35 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। घायल अभियुक्त का नाम पूछते हुए जामा तलाशी ली गई तो उसने अपना नाम रियाज मोहम्मद उर्फ बाबू पुत्र सरताज मोहम्मद निवासी मो0 आतिशबाजान कस्बा व थाना कटरा जिला शाहजहाँपुर उम्र करीब 40 वर्ष बताया जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा देशी .315 बोर व 05 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस .315 बोर व 01 एक अदद खोखा कारतूस .315 बोर नाल में फंसा हुआ व 01 अदद मोटर साइकिल पेशन प्रो रंग काला स्लेटी चैसिस नं MBLHA10AUC9D00523 बरामद हुए। घायल अभियुक्त को इलाज हेतु सीएचसी तिलहर भेजा गया जहाँ से उसे जिला अस्पताल शाहजहाँपुर रेफर किया गया। जिसका इलाज जिला अस्पताल शाहजहाँपुर में चल रहा है। पुलिस मुठभेड़ के आधार पर थाना तिलहर पर मु0अ0सं0 – 349/2026 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट बनाम रियाज मोहम्मद उर्फ बाबू पुत्र सरताज मोहम्मद उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त रियाज मोहम्मद उर्फ बाबू के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

रियाज मोहम्मद उर्फ बाबू पुत्र सरताज मोहम्मद निवासी मो0 आतिशबाजान कस्बा व थाना कटरा, शाहजहाँपुर उम्र करीब 40 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान व दिनांक/समय-

दिनांक 02.07.26 को समय करीब 22.35 बजे, निगोही रोड पर रटा पुल के पास

पंजीकृत अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 349/26 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 - 421/2025 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर।
2. मु0अ0सं0 - 433/2025 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर।
3. मु0अ0सं0 - 470/2024 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
4. मु0अ0सं0 - 106/2017 धारा 323/504 भादवि थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली।
5. मु0अ0सं0 - 360/2025 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर।
6. मु0अ0सं0 - 246/2025 धारा 21/29 एनडीपीएस एक्ट थाना क्राइम ब्रांच दिल्ली।
7. मु0अ0सं0 - 218/2025 धारा 8सी/21/25/29 एनडीपीएस एक्ट थाना क्राइम ब्रांच दिल्ली।
8. मु0अ0सं0 - 144/2022 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट थाना देवरनिया जनपद बरेली।
9. मु0अ0सं0 -177/2026 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर।

बरामदगी विवरण-

1. एक अदद तमंचा देशी .315 बोर
2. पांच अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर
3. एक अदद खोखा कारतूस .315 बोर नाल में फंसा हुआ
4. एक अदद खोखा कारतूस .315 बोर
5. एक अदद मो0सा0 पेशन प्रो (रंग काला स्लेटी)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
2. उ0नि0 मनोज कुमार, प्रभारी सर्विलांस सेल/एस0ओ0जी0 मय टीम जनपद शाहजहाँपुर।
3. उ0नि0 गौरव शर्मा थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
4. उ0नि0 सौरभ शुक्ला थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
5. उ0नि0 देवेन्द्र कुमार थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
6. हे0का0 संजीव कुमार थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
7. हे0का0 विजय प्रताप थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
8. हे0का0 जितेन्द्र कुमार थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
9. हे0का0 अशोक कुमार थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
10. हे0का0 रोहित शर्मा थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
11. का0 अनिल कुमार थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।